# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

## श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म०प्र०)

कार्यालय दूरभाष नं.– 07662–241655 | ई–मेल deanmcrewa@rediffmail.com
फैक्स नं.– 07662 251167 | वेबसाइट www.ssmcrewa.com

क्रमांक 17652/स्था./अराज./एमसी/2022 रीवा, दिनांक 5/8/22

## सीमित विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के ज्ञाप क्र. एफ 2–06/1/55/2018, भोपाल, दिनांक 07.04.2018 द्वारा "म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम, 2018" अंतर्गत एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा, म.प्र. भोपाल के पत्र क्र. 1130/स्था/अराज/2022, भोपाल, दिनांक 15.06.2022 द्वारा दिए गए मार्गदर्शन अनुसार स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध गांधी स्मारक चिकित्सालय एवं संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा में पारिचारिका संवर्ग में **नर्सिंग सिस्टर/सीनियर नर्सिंग ऑफिसर** के पदोन्नति/सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले रिक्त पदों को संस्था स्तर पर **केवल श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा एवं संबद्ध चिकित्सालयों में कार्यरत, पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से** विज्ञप्ति में उल्लेखित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

**आवेदन की अंतिम तिथि 19.08.2022**

रिक्त पदों का विवरण:–

| क्र. | पद का नाम | कुल रिक्त पद | स्वीकृत रिक्त पदों का रोस्टर अनुसार वर्गीकरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अजजा | अजा |
| 1 | नर्सिंग सिस्टर/सीनियर नर्सिंग ऑफिसर | 29 | 20 | 07 | 02 |

अर्हताऐं एवं वेतनमान

| क्र. | पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक अर्हताऐं एवं अनुभव | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नर्सिंग सिस्टर/ सीनियर नर्सिंग ऑफिसर | 18 वर्ष | 1. एम.एस.सी. (नर्सिंग)<br>अथवा<br>2. बी.एस.सी. (नर्सिंग)<br>अथवा<br>3. पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग)<br>अथवा<br>4. नर्सिंग प्रशासन में प्रमाण–पत्रोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण साथ ही<br>(क) स्टाफ परिचारिका या समकक्ष पद पर 5 वर्ष की सेवा का अनुभव।<br>(ख) मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में पंजीकृत परिचारिका। | 36200–114800 (लेवल–9) |

क्रमशः पेज...02

D:\Nursing Sister Recruitment\Nursing Sister Advertisement.docx

(क) आवेदन शुल्कः–

1. अनारक्षित श्रेणी हेतु 800/– (आठ सौ मात्र) तथा आरक्षित श्रेणी हेतु 700/– (सात सौ मात्र)
2. आवेदन शुल्क का डिमांड ड्रॉफ्ट CEO &DEAN SS MEDICAL COLLEGE REWA रीवा के नाम से तैयार कर आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
3. डिमांड ड्राफ्ट के पीछे उम्मीदवार का नाम तथा मोबाईल नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदन कार्यालय अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में दिनांक 19.08.2022 (शुक्रवार) सांय 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा किये जा सकेंगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।
5. आवेदन के साथ जमा शुल्क वापस योग्य नहीं होगा।

**(ख) अन्य जानकारी :–**

1. चिकित्सा महाविद्यालय रीवा एवं संबंद्ध चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर, जो कि न्यूनतम 05 वर्षो से स्टाफ परिचारिका के पद पर कार्यरत हो तथा आवेदित पद की पूर्ण अर्हता रखता है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कार्यानुभव प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर ही विचार किया जावेगा।
2. पदों पर आरक्षण राज्य शासन आदेशों के अनुसार होगा।
3. उक्त पदों पर राज्य शासन द्वारा राज्य स्तरीय पदोन्नति आरक्षण रोस्टर लागू किया गया है।
4. आरक्षण का लाभ केवल ऐसे अभ्यार्थियों पर लागू होगा जिनका जाति प्रमाण पत्र म.प्र. राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।
5. पदों की संख्या नियमानुसार बढ़ाई/घटाई जा सकेगी।
6. आवेदक को संबंधित पद हेतु निर्धारित समस्त अर्हता आवेदन के समय ही पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
7. पद पर चयन होने के उपरांत कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व संबंधित को म.प्र. शासन वित्त विभाग के पृ.क्र. 1172/न.प./766/4/ नि–1/72, भोपाल, दिनांक 26.09.1972 में किये गये प्रावधान अनुसार वर्तमान पद से तकनीकी रूप से त्याग पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के साथ–साथ आवेदन का प्रारूप श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय की बेबसाईट www.ssmcrewa.com में उपलब्ध रहेगी।

**नियम एवं शर्तेः–**

(क) निर्हताऐंः–

1. विकृत चित्त वाला होने पर।
2. दुश्चरित्र होने पर।
3. शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्यबोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

क्रमशः पेज...03

4. नियुक्ति के लिए प्रयास/अनुशंसा–किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिए से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

5. **विवाह संबंधी–** जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा, उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष जिसने ऐसे किसी महिला/पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगे।

6. दिनांक 26.01.2001 के पश्चात जिस उम्मीदवार के जीवित बच्चों की संख्या 02 से अधिक हो गई हो वह चयन के लिये पात्र नहीं होगा, परंतु कोई उम्मीदवार जिसकी पहले से ही एक जीवित संतान है तथा 26 जनवरी 2001 के पश्चात आगामी प्रसव में 02 या 02 से अधिक संतान का जन्म होता है तो वह नियुक्ति के लिये अनर्ह नहीं होगा।

7. कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल करके प्रस्तुत करने पर।

8. **कदाचरण संबंधी–** किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा में कदाचरण के लिये नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के मामले में दोषी सिद्ध हुआ हो।

9. **स्वास्थ्य संबंधी–**चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य पाया जाये तथा वह ऐसा प्रमाण–पत्र जारी करे।

**(ख)** अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा किसी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को यथोचित कारण से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**(ग)** चयन प्रक्रिया संबंधित किसी भी विवाद में अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

क्रमशः पेज...04

(घ) चयन प्रक्रियाः—

1. कॉमन एवं श्रेणीवार मेरिट के क्रम में चयन अधिकतम 100 के आधार पर किया जायेगा, जिसका प्रोरेटा निम्नानुसार है :—
   1.1. चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा में वर्ष 2020—21 एवं उसके निरंतर पूर्व की गई कुल 05 वर्ष की सेवा, गोपनीय चरित्रावली के मुल्यांकन के आधार पर अधिकतम 20 अंक एवं न्यूनतग 08 अंक कटऑफ निर्धारित होगी। गोपनीय चरित्रावली के मुल्यांकन हेतु वर्गीकरण निम्नानुसार होगा :—
      a) क+ हेतु 04 अंक
      b) क हेतु 03 अंक
      c) ख हेतु 02 अंक
      d) ग हेतु 01 अंक
      e) घ हेतु 00 अंक

      उक्त मूल्यांकन में प्राप्त हो रहे अंकों को 04 गुणा किया जावेगा।
   1.2. साक्षात्कार में प्राप्तांक, अधिकतम 20 अंक।
2. बिन्दु क्रमांक 1.1 में उल्लेखित कटऑफ अंक प्राप्त न करने वाले अभ्यार्थियों को चयन की अगली प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
3. उपरोक्त चयन प्रक्रिया में एक समान अंक प्राप्त करने आवेदकों में अधिक आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जावेगी।

(डॉ. देवेश सारस्वत)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

पृ.क्रमांक 17652-57/स्था/अराज/एमसी/2022 रीवा, दिनांक 5/8/22

**प्रतिलिपि :—**

1. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, म.प्र. भोपाल।
2. आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा एवं अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति, स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा।
3. संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, गांधी स्मारक चिकित्सालय, रीवा ।
4. अधीक्षक, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक, रीवा।
5. महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध गांधी स्मारक एवं संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय, रीवा (म.प्र.)

## आवेदन का प्रारूप

| पासपोर्ट साइज नवीनतम फाटो (नाम एवं दिनांक सहित) |
|---|

1. आवेदित पद का नामः– **नर्सिंग सिस्टर/सीनियर नर्सिंग ऑफिसर**
2. विज्ञापन क्रमांक .................................... दिनांक ............................................................
3. आवेदक का पूरा नाम (उप नाम सहित) ..........................................................................
4. पिता/पति का नाम (उप नाम सहित) ............................................................................
5. जन्म तिथि ....../......./................
   (सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
6. आयुः– वर्ष ............... माह ..............दिन .............(दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में)
7. बैंक का नाम एवं ड्राफ्ट क्रमांक ................................दिनांक ........................
8. ई–मेल आई.डी.........................................................................................................
9. वर्तमान निवास का पता तथा पिन कोडः– ...........................................................................
   .......................................................................................................................
   .......................................................................................................................
10. स्थाई निवास का पता तथा पिन कोडः– .............................................................................
   .......................................................................................................................
   .......................................................................................................................
11. आवेदक की श्रेणी (अनारक्षित/अनु.जाति/अनु.जनजाति/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस.) ...............................
12. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि ....................................................................
13. म.प्र. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन क्रमांक ..........................................................
14. शैक्षणिक योग्यता :– (विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित समस्त अर्हता परीक्षाओं के प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | महाविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक/पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

क्रमशः : ...........02

15. अन्य विशेष योग्यता :– ...............................................................................................

16. निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करें :–

| क्रमांक | दस्तावेजों का विवरण | (हां/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन शुल्क – डिमांड ड्राफ्ट। | |
| 2. | 10वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 3. | 12वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 4. | अर्हता परीक्षा(ओं) से संबंधित समस्त अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 5. | म.प्र. नर्सिंग काउंसिल का जीवित पंजीयन। | |
| 6. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति – प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (यदि लागू) | |
| 7. | निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा दिनांक 26.01. 2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का शपथ–पत्र। (रू. 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटराईज्ड) | |
| 8. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |

**स्थान :**
**दिनांक :** **आवेदक का पूरा नाम, हस्ताक्षर तथा मो.नं.**

# //घोषणा – पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि, मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज नहीं है और न ही मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जांच प्रचलन में है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि, मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।
4. "म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय आदर्श सेवा नियम, 2018" मुझ पर पूर्ण रूपेण बंधनकारी होंगें।

आवेदक का पूरा नाम, हस्ताक्षर तथा मो.नं.

————0000————